जय जय जय श्री सिद्धि विनायक

जय जय जय श्री सिद्धि विनायक:

जय जय जय श्री सिद्धि विनायक,
तरुण सुमुख सुन्दर सब लायक,
जय जय जय ---------

गौरी सुत गणपति गजानन,
मंगल मुर्ती शुभगुनकानन,
बिघ्न विनाशन शुभ वर दायक,
जय जय जय श्री सिद्धि विनायक--------

कपिल कवीश कीर्त्ति सर्वेश्वर,
भूपति भुवनपति, जय परमेश्वर,
कृपासिंधु मनमोदप्रदायक
जय जय जय श्री सिद्धि विनायक-------

विद्या वारिधि भाग्य विधाता,
दया सिंधु शुभ मंगल दाता,
मोदक प्रिय सुख सम्पति दायक,
जय जय जय श्री सिद्धि विनायक,
तरुण सुमुख सुन्दर सब लायक -----।।

आभार: ज्योति नारायण पाठक
वाराणसी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6518/title/jai-jai-jai-shri-shidi-vinayak-tarun-sumukh-sundar-sab-layak

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |